राजस्थान पत्रिका 21/9/16

हिन्दी को दें प्राथमिकताः नकवी

सप्ताह का समापन

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

मालपुरा. केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर में चल रहे हिन्दी सप्ताह का समापन मंगलवार को हुआ। समापन समारोह में संस्थान के निदेशक डॉ. एस. एम. के. नकवी ने कहा कि संस्थान में किए जाने वाले कार्य में हिन्दी का अधिक से अधिक उपयोग करें।

सहायक निदेशक मुरारीलाल गुप्ता ने बताया कि सप्ताह के दौरान आयोजित शोध-पत्र प्रदर्शन में डॉ. रणधीरसिंह भट्ट की टीम प्रथम एवं डॉ. कल्याण-डे, डॉ. बसन्ती ज्योत्सना की टीम द्वितीय रही। कम्प्यूटर पर हिन्दी टंकण में डॉ. सुरेन्द्र सांख्यान प्रथम, डॉ. राजकुमार द्वितीय रहे। सामान्य ज्ञान में लक्ष्मीकान्त प्रथम, डॉ. वेदप्रकाश द्वितीय, निबंध में डॉ. वेदप्रकाश प्रथम, अमरसिंह मीणा द्वितीय, निबन्ध में एस. सी. गुप्ता प्रथम, सी. एल. मीना द्वितीय, श्रुतिलेख में कालीशंकर शर्मा प्रथम, रामप्रसाद माली द्वितीय, वाद-विवाद में डॉ. एल. आर. गुर्जर व सी. पी. टेलर प्रथम, डॉ. बसंती ज्योत्सना व सी. एल. मीणा द्वितीय, स्वरचित कविता में पिल्लू मीणा प्रथम रहे।

दैनिक भास्कर 21/9/16

वैज्ञानिक अनुसंधानों को हिंदी में प्रकाशित कराने का आह्वान

मालपुरा। केंद्रीय भेड एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर में हिंदी सप्ताह के समापन समारोह में वैज्ञानिकों व कर्मचारियों अधिकारियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि संस्थान निदेशक डॉ. एस एम के नकवी ने वैज्ञानिकों को आह्वान किया है कि किसानों पशुपालकों के लिए किए गए अनुसंधानों को हिंदी में प्रकाशित करें, जिससे उनका सीधा लाभ मिल सके। सहायक निदेशक राजभाषा मुरारीलाल गुप्ता ने इस अवसर पर हिंदी सप्ताह दौरान आयोजित की गई विभन्न प्रतियोगिताओं की जानकारी दी। इस अवसर पर शोधपत्र प्रदर्शन प्रतियोगिता में अव्वल रहे वैज्ञानिकों को पुरस्कार प्रदान किए गए। इसी प्रकार अन्य प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया।